**दिनांक-18.09.2020 को मुख्य सचिव, बिहार-सह-अध्यक्ष, शासी परिषद की अध्यक्षता में आयोजित बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी की शासी परिषद की 27 वीं बैठक की कार्यवाही**

**उपस्थिति**:- मुख्य सचिव, बिहार-सह-अध्यक्ष, शासी परिषद की अध्यक्षता में वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित इस बैठक में अपर मुख्य सचिव सामान्य प्रशासन विभाग -सह-मिशन निदेशक बि.प्र.सु.मि.सो., प्रधान सचिव वित्त विभाग, सचिव सूचना प्रावैधिकी विभाग, प्रबंध निदेशक बेल्ट्रॉन, अपर मिशन निदेशक, बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी, सचिव विधि विभाग, सचिव योजना एवं विकास विभाग के प्रतिनिधि के रूप में विभाग के विशेष सचिव श्री राजेश्वर प्रसाद सिंह, महानिदेशक बिपार्ड के प्रतिनिधि के रूप में बिपार्ड के संयुक्त निदेशक श्री राजेश कुमार उपस्थित रहे ।

बैठक में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी की ओर से रखे गए प्रस्तावों पर चर्चा हुई एवं निम्नलिखित निर्णय लिए गए ।

**कार्यावली बिन्दुः**-01

**दिनांक**-10.06.2020 **को आयोजित शासी परिषद की गत बैठक की कार्यवाही (यथा-परिशिष्ट-1) की सम्पुष्टि की गयी।**

**कार्यावली बिन्दुः**-02

**दिनांक**-10.06.2020 **को आयोजित शासी परिषद की गत बैठक की कार्यवाही के अनुपालन प्रतिवेदन (यथा-परिशिष्ट**-2) **को सम्पुष्ट किया गया ।**

**कार्यावली बिन्दुः**-03

**बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के अन्तर्गत जिलों में कार्यपालक सहायक का पैनल नहीं रहने की स्थिति में अंतरिम व्यवस्था के रूप में कार्य हित में संबंधित प्रमंडल के निकटवर्ती जिले के पैनल से कार्यपालक सहायक का नियोजन किये जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन।**

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के शासी परिषद की 23वीं बैठक के कार्यावली बिंदु-4 द्वारा यह निर्णित है कि बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी अन्तर्गत कार्यपालक सहायक हेतु सृजित पदों पर नियोजित एवं कार्यरत कार्यपालक सहायकों को छोड़कर नई रिक्तियों के विरूद्ध नियोजन बेल्ट्रान के माध्यम से किया जायेगा।

बेल्ट्रान के द्वारा नियोजन की प्रक्रिया नहीं शुरू किए जाने के कारण बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के शासी परिषद की 25 वीं बैठक के कार्यावली बिंदु-01 के रूप में कार्य हित में यह निर्णय लिया गया कि बेल्ट्रॉन के द्वारा सूचीकरण की प्रक्रिया शुरू किए जाने तक जिलों के कार्यपालक सहायक के मान्य पैनल से सशर्त नियोजन की जा सकती है।

बेल्ट्रॉन की सूचीकरण की प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है और कई जिलों में बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन के निदेश के आधार पर तैयार किये गए कार्यपालक सहायकों का पैनल समाप्त हो गया है अथवा पैनल की वैधता अवधि समाप्त हो गई है । इसके कारण कतिपय जिलों में कार्यपालक सहायक/ डाटा इंट्री ऑपरेटर के पद पर नियोजन नहीं होने से पंचायती राज विभाग का कार्य कुप्रभावित होने का उल्लेख विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा दिनांक-28.08.2020 को video conferencing के माध्यम से आहूत बैठक में करते हुए आवश्यक प्रबंध का अनुरोध किया गया है ।

अतः कार्य हित में यह प्रस्ताव है कि वैसे जिले जहाँ कार्यपालक सहायक का पैनल समाप्त हो गया है अथवा पैनल की वैधता समाप्त हो चुकी है, वहां अंतरिम व्यवस्था के तहत आवश्यकतानुसार संबंधित प्रमंडल के निकटवर्ती दुसरे जिले, जहां कार्यपालक सहायकों का वैध पैनल उपलब्ध हो, से कार्यपालक सहायकों की सेवाएँ आदर्श आरक्षण रोस्टर का पालन करते हुए नियोजन हेतु प्राप्त की जा सकेगी। अंतरिम व्यवस्था के तहत किये जा रहे नियोजन की अन्य शर्ते इन नियोजनों पर भी लागू रहेंगी। बेल्ट्रॉन से डाटा इंट्री ऑपरेटर के सूचीकरण की प्रक्रिया सम्पन्न होने की सूचना प्राप्त होते ही यह व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जाएगी।

**उपर्युक्त प्रस्ताव पर शासी परिषद का अनुमोदन प्रार्थित है।**

| | |
|---|---|
| **निर्णयः-** | **स्वीकृत ।** बेल्ट्रॉन से डाटा इंट्री ऑपरेटर के सूचीकरण की प्रक्रिया सम्पन्न होने की सूचना प्राप्त होते ही यह व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जाएगी। |

**कार्यावली बिन्दुः**-04

**बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम(RTPS) के 'अधिकार' सॉफ्टवेयर/web application की hosting के लिए बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी द्वारा क्रय किये गए सर्वर (Server) को अग्रतर उपयोग एवं रख रखाव हेतु बेल्ट्रॉन को सौंपे जाने के प्रस्ताव का अनुमोदन।**

बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम का कार्यान्वयन 'अधिकार' सॉफ्टवेयर के माध्यम से किया जाता है। इस application की hosting के लिए बेल्ट्रॉन के माध्यम से Dell का Server क्रय कर बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी कार्यालय में अधिष्ठापित किया गया है। सर्वर की वारंटी जुलाई, 2019 में समाप्त हो गई है। समय समय पर सर्वर में होने वाली तकनीकी कठिनाईयों तथा बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी अंतर्गत सर्वर के रख रखाव हेतु तकनीकी रूप से सक्षम कर्मी नहीं रहने के कारण सर्वर पर host किए गए applications तथा databases को State Data Centre में migrate करने का निर्णय लिया गया है और migration की कार्रवाई की जा रही है। Migration की कार्रवाई पूर्ण होने के उपरांत बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी कार्यालय में अधिष्ठापित सर्वर की कोई उपयोगिता नहीं रह जाएगी। उक्त सर्वर के काफी उच्च क्षमता और गुणवता का होने के कारण इसका यथोचित उपयोग state data centre में किया जा सकता है जहाँ इसका उपयुक्त रख रखाव भी संभव हो सकेगा।

**उपरोक्त Migration की कार्रवाई पूर्ण होने के उपरांत बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी कार्यालय में अधिष्ठापित सर्वर को अग्रतर उपयोग एवं रख रखाव हेतु बेल्ट्रॉन (state data centre) को सौंपे जाने के प्रस्ताव पर शासी परिषद् का अनुमोदन प्रार्थित है।**

| | |
|---|---|
| **निर्णयः-** | बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी अपने कार्यालय में अधिष्ठापित सर्वर को नीलामी (auction) द्वारा निस्तार करने की दिशा में अग्रतर कार्रवाई करे। |

**कार्यावली बिन्दुः**-05

**बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन द्वारा राज्य के वरीय पदाधिकारियों और क्षेत्रीय प्रशासन के पदाधिकारियों को उपलब्ध कराई जा रही CUG मोबाइल सीम की सेवाओं में किए जा रहे बदलाव का अनुमोदन।**

बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी के शासी परिषद की दिनांक-08.10.2009 की बैठक में सभी विभागों के लिए Common Close User Group (CUG) के उपयोग के प्रस्ताव को अनुमोदित किया गया था । उक्त के आलोक में वर्त्तमान में BSNL से CUG 303 Postpaid की जो सुविधा प्राप्त की जा रही है इसके लिए प्रति सीम रु. 725+GST का भुगतान किया जाता है । मोबाईल कॉल एवं इंटरनेट डाटा के बाजार दरों में गिरावट के परिप्रेक्ष्य में तथा गुणवत्तापूर्ण सेवायें प्राप्त किए जाने के उद्देश्य से मुख्य सचिव-सह-अध्यक्ष शासी परिषद से अनुमोदन प्राप्त कर उपलब्ध टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं से प्रतिस्पर्धी दर प्राप्त करने की कार्रवाई प्रारम्भ की गयी तथा Limited Tender Enquiry के बिन्दु पर सूचना प्रावैधिकी विभाग से परामर्श प्राप्त किया गया । तत्पश्चात Bharti Airtel, Vodafone Idea Ltd., Reliance Jio Infocomm Ltd., TTSL एवं BSNL से Limited Tender Enquiry की गयी तथा निम्नलिखित सुविधा /सेवाओं के लिए मासिक दर के प्रस्ताव मांगे गए:-

i. Unlimited incoming & outgoing local & STD Voice call on any network in Local and National roaming.
ii. 3000 SMS/month on any network.
iii. Minimum 45GB per month 4G Data Usage with Rollover.

निर्धारित समय सीमा तक Airtel, Vodafone Idea Ltd एवं RJIL से दर प्रस्ताव प्राप्त हुए। इसमें न्यूनतम मासिक दर (रु.299+GST for 45 GB) समर्पित करने वाले टेलीकॉम सेवा प्रदाता Reliance Jio Infocomm Ltd का चयन किए जाने की अनुशंसा मिशन की निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा की गयी है । वर्णित टेलीकॉम सेवा प्रदाताओं के द्वारा विभिन्न श्रेणियों के डाटा के लिए प्रस्तावित दरों में प्रति GB per Month 4G Data Usage के आधार पर गणना करने पर भी Reliance Jio Infocomm Ltd.का दर न्यूनतम पाया गया है। **तुलनात्मक तालिका परिशिष्ट – 3 के रूप में संलग्न है ।**

चूंकि वर्त्तमान में उपयोग किए जा रहे BSNL के CUG Mobile Nos. की Portability, BSNL के कतिपय दावों पर Dispute के कारण Reliance Jio Infocomm Ltd. में नहीं हो सकती इसलिए Reliance Jio CUG SIM Card के नए मोबाइल नंबरों को राज्य के पदाधिकारियों के पदनाम से आवंटित एवं उपलब्ध कराया जाना होगा।

**CUG मोबाइल सीम की वर्तमान में प्रवृत सेवा में प्रस्तावित परिवर्तनों से अवगत कराते हुए निम्नलिखित प्रस्तावों पर शासी परिषद का अनुमोदन प्रार्थित है :**

(i) 303 Postpaid CUG SIM की आपूर्ति हेतु न्यूनतम दर प्रस्तावित करने वाले निविदादाता Reliance Jio Infocomm Ltd. Patna के चयन का अनुमोदन करते हुए Reliance Jio CUG SIM Card के नए मोबाइल नंबरों को राज्य के पदाधिकारियों के पदनाम से आवंटित एवं उपलब्ध कराया जा सकता है।

(ii) बिहार विधान सभा के आसन्न निर्वाचन के कारण BSNL का पूर्व से circulated mobile numbers को तुरंत बदलना उपयुक्त नहीं जान पड़ता अतएव दिनांक-01.12.2020 के प्रभाव से Reliance Jio के नए मोबाइल नंबर और सेवाओं को कार्यशील कराया जा सकता है। आम जनों को पदाधिकारियों से मोबाइल के माध्यम से संपर्क स्थापित करने में कोई कठिनाई नहीं हो इसके लिए माह दिसम्बर, 2020 में पूर्व से आवंटित BSNL CUG मोबाइल नंबरों की सेवा को भी (अर्थात एक माह BSNL और Jio की सेवाएँ साथ-साथ) जारी रखी जा सकती है और दिनांक-31.12.2020 के प्रभाव

से 303 BSNL CUG SIM CARD से सम्बद्ध मोबाईल नम्बरों को Deactivate करने हेतु BSNL से अनुरोध किया जा सकता है ।

| | |
|---|---|
| **निर्णयः-** | (1) वर्तमान में उपयोग में लाए जा रहे CUG Mobile Nos. की Portability कराने हेतु BSNL के दावों पर विचार तथा BSNL से वार्ता कर उसका निराकरण कराने के लिए मिशन निदेशक, बि.प्र.सु.मि.सो. के स्तर पर एक Committee का गठन किया जाए । Committee द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में अग्रतर कार्रवाई की जाएगी तब तक वर्तमान में चल रही सेवाओं को जारी रखा जाए ।<br>(2) Postpaid CUG SIM की आपूर्ति हेतु न्यूनतम दर प्रस्तावित करने वाले निविदादाता Reliance Jio Infocomm के चयन का अनुमोदन किया गया । इस चयनित निविदादाता को कार्यदेश तभी निर्गत किया जायेगा जब BSNLसे Nos. Portability हेतु negotiation सफल रहता है, अन्यथा इस निविदा को रद्द कर दिया जायेगा। |

बैठक की कार्यवाही सधन्यवाद समाप्त की गई।

| | | |
|---|---|---|
| ह./- | ह./- | ह./- |
| (राजेश कुमार) | (राजेश्वर प्रसाद सिंह) | (फूल चन्द्र चौधरी) |
| संयुक्त निदेशक | विशेष सचिव | सचिव, विधि विभाग |
| महानिदेशक बिपार्ड के प्रतिनिधि | सचिव, योजना एवं विकास विभाग के प्रतिनिधि | |
| ह./- | ह./- | ह./- |
| (डॉ.प्रतिमा) | (संतोष कुमार मल्ल) | (राहुल सिंह) |
| अपर मिशन निदेशक, | प्रबंध निदेशक, बेल्ट्रॉन | सचिव, सूचना प्रावैधिकी विभाग |
| बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सो. | | |
| ह./- | ह./- | ह./- |
| (डॉ. एस. सिद्धार्थ) | (आमिर सुबहानी) | (दीपक कुमार) |
| प्रधान सचिव, वित्त विभाग | मिशन निदेशक-सह-<br>अपर मुख्य सचिव, सा. प्र. विभाग | मुख्य सचिव, बिहार |

**बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी**
(सामान्य प्रशासन विभाग)

**ज्ञापांकः**- बि.प्र.सु.मि.सो./विविध-10/2019 सो.-**1518** दिनांक-**25.09.2020**
**प्रतिलिपिः**- महानिदेशक, बिहार लोक प्रशासन एवं ग्रामीण विकास संस्थान, बिहार/अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार/प्रधान सचिव, वित्त विभाग, बिहार/ सचिव, सूचना प्रावैधिकी विभाग / प्रबंध निदेशक, बेल्ट्रॉन/ सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार/सचिव, विधि विभाग, बिहार को कार्यवाही की प्रतिलिपि कृपया सूचनार्थ प्रेषित।

25/9/2020

**अपर मिशन निदेशक**

**ज्ञापांकः**- बि.प्र.सु.मि.सो./विविध-10/2019 सो.-**1518** दिनांक-**25.09.2020**
**प्रतिलिपिः**-मुख्य सचिव, बिहार-सह-अध्यक्ष, शासी परिषद एवं विकास आयुक्त, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित ।

25/9/2020

**अपर मिशन निदेशक**